सं. जैड-28016/189/2017-पीएमएसएसवाईर-IV

भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(पीएमएसएसवाई प्रभाग)

निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011

वेबसाइट: www.mohfw.nic.in

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स),**भोपाल**(एक पद) में वेतन बैंड-4, 37400-67000 + ग्रेड वेतन 10,000/- रुपए + एनपीए (पूर्व-संशोधित) में **चिकित्सा अधीक्षक**(गैर-संकाय) के पद (एक पद) को **प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा(अल्पावधि संविदा आधार सहित)**भरे जाने के लिए विज्ञापन।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के रूप में भोपाल, भुवनेश्वर, जोधपुर, पटना, रायपुर और ऋषिकेश में एम्स जैसे संस्थान की स्थापना की है। पात्र उम्मीदवारों से एम्स, भोपालमें चिकित्सा अधीक्षक के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर (अल्पावधि संविदा आधार सहित) नियुक्ति हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तिथि के 45 दिनों के भीतर होगी।**

II. विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रपत्र स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट http://pmssy-mohfw.nic.in/पर अपलोड कर दिया गया है। आवेदन प्रपत्र वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। सभी संगत प्रमाण-पत्रों की अभिप्रमाणित प्रतियों के साथ उचित रूप से भरे गए आवेदन को लिफाफे के ऊपर **"एम्स, भोपाल में चिकित्सा अधीक्षक के पद हेतु आवेदन"** लिखकर निदेशक (पीएम), पीएमएसएसवाई, कमरा नं. 103-डी विंग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011को प्रेषित किया जाए।

III. इस नियुक्ति से ठीक पहले उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में धारित संवर्ग **बाहय पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहितप्रतिनियुक्ति की अवधि** सामान्यत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

IV. **(क) नियमित कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति पर तैनाती के लिए पात्रता एवं भत्ते:** केंद्रीय सरकार / राज्य सरकार में निम्नलिखित शैक्षिक योग्यता रखने वाले सदृश पद धारित अधिकारी उक्त पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

i. भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 की प्रथम अथवा द्वितीय अनुसूची अथवा तीसरी अनुसूची के भाग-II में शामिल चिकित्सा योग्यता भाग-II अथवा तीसरी अनुसूची में शामिल

योग्यताओं को धारित करने वाले व्यक्तियों को भी अधिनियम की धारा 13(3) में विनिर्दिष्ट शर्तों को पूरी करनी होगी।

ii. स्नातकोत्तर योग्यता अर्थात् एमडी अथवा एमएस अथवा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त योग्यता **अथवा एम.एच.ए.** (अस्पताल प्रशासन में मास्टर डिग्री) अथवा भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा एमएचए के समकक्ष के रूप में मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर डिग्री।

अपेक्षित अनुभव: वरिष्ठ पद पर 300 अथवा अधिकबिस्तरों वाले अस्पतालों में कार्य को वरीयता, स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के पश्चात् अस्पतालों में 10 वर्ष का अस्पताल प्रशासनका अनुभव।

**<u>भत्ते:</u>**

वेतन बैंड-4,रु.37400-67000 + ग्रेड वेतन रु.10,000/- + एनपीए (पूर्व संशोधित) (गैर-संकाय)। कार्मिक एवं प्रशिक्षण के दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन सं. 6/8/2009-स्था० (वेतन-II) समय-समय पर यथासंशोधित में निहित प्रावधानों के अनुसार वेतन का संरक्षण किया जाएगा।

इस पद परकेंद्र सरकार के समान स्तर के कर्मचारियों को देय अनुसार सामान्य भत्ते तथा अन्य भत्ते एम्स, नई दिल्ली में स्वीकृत अनुसार देय होंगे।

IV. **(ख) अल्पावधि संविदा-गत नियुक्ति पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पात्रता एवं भत्ते:** केंद्रीय सरकार / राज्य सरकार में निम्नलिखित शैक्षिक योग्यता रखने वाले सदृश पद धारित अधिकारी उक्त पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**<u>परिउपलब्धियां:</u>**इस पद पर अल्पावधि संविदा आधार पर नियुक्त सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को 1,30,000/- रुपए प्रतिमाह की समेकित राशि का भुगतान किया जाएगा। अल्पावधि संविदा 02 वर्ष की होगी, जिसे आपसी सहमति से समान शर्तों पर एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

V. निर्धारित अर्हता/पात्रता न्यूनतम अपेक्षा है और केवल उन अर्हताओं के रखने से उम्मीदवार स्वत: चयन के लिए पात्र नहीं होंगे। जीवन-वृत्त के आधार पर चयन समिति उम्मीदवारों की एक लघु सूची तैयार करेगी जिन्हें साक्षात्कार हेतु बुलाया जा सकता है। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय आवेदन में दिए गए ब्यौरे के प्रमाण में सभी संगत मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

VI. केंद्र/राज्य सरकार स्वायत्तशासी निकायों में कार्यरत आवेदकों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने संबंधित संगठनों से "अनापत्ति प्रमाण-पत्र"के साथ उचित माध्यम से आवेदन पत्र भेजें। आवेदन अग्रेषित करते समय अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज प्रेषित करना अपेक्षित है।

- आवेदक के पूर्ण एसीआर डॉजियर/एसीआर की अभिप्रमाणित प्रतियां (गत 5 वर्षों का)।

- प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित अधिकारी की सत्यनिष्ठा का प्रमाण-पत्र।
- आवेदक के संबंध में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित सतर्कता अनापत्ति प्रमाण-पत्र।
- गत 10 वर्षों/सेवा अवधि, जो भी कम हो, के दौरान अधिकारी पर लगाई गई किसी बड़ी/छोटी शास्ति, यदि कोई हो, का प्रमाण-पत्र।

VII. इस पद पर चयन हेतु साक्षात्कार नई दिल्ली में आयोजित हो सकता है। साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा किसी यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**(इतबारी लाल)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

# आवेदन प्रपत्र

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत स्थापित किए जा रहे नए एम्स में चिकित्सा अधीक्षक (समूह-क राजपत्रित) के पद हेतु अभ्यर्थियों के नाम एवं विवरण।

1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में) :
2. पिता का नाम :
3. जन्म तिथि एवं आयु :
4. वर्तमान पता
   (ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नं. सहित) :
5. क्या भारतीय नागरिक अथ्वा प्रवासी भारतीय अथवा भारतीय मूल के व्यक्ति (कृपया स्पष्ट करें) :
6. शैक्षिक योग्यता :

| स्नातक | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्रयासों की संख्या | कॉलेज/विश्वविद्यालय का नाम जहां से स्नातक किया है |
|---|---|---|---|
| | | | |
| स्नातकोत्तर | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्रयासों की संख्या | कॉलेज/विश्वविद्यालय का नाम जहां से स्नातक किया है |
| | | | |

7. क्रम-वाररोजगार का ब्यौरा। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर सहित यथा-प्रमाणित पृथक शीट संलग्न करें।

| कार्यालय/संस्थान | धारित पद | से | तक | वेतनमान | कार्य की प्रकृति (विस्तृत) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

8. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात्तदर्थ अथवाअस्थायी या अर्द्ध-स्थायी अथव स्थायी।*

9. यदि वर्तमान धारित पदप्रतिनियुक्ति / संविदा आधार पर है, तो कृपया बताएं:
   (क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि :
   (ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर नियुक्ति की अवधि :
   (ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं:

10. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त ब्यौरा। कृपया बताएं कि क्या आप निम्नलिखित के तहत कार्यरत हैं: (अपने नियोक्ता का नाम उपयुक्त कॉलम में इंगित करें।)

(क) केंद्र सरकार :
(ख) राज्य सरकार :
(ग) स्वायत्तशासी संगठन :
(घ) सरकारी उपक्रम :
(ड.) विश्वविद्यालय :
(च) अन्य :

11. प्रतिमाह प्राप्त कुल परिलब्धियां, ब्यौरे सहित।

12. अन्य सूचना, यदि कोई हो, जिसका आप पद के लिए अपनी योग्यता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं।

(अन्य तथ्यों के अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यता (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित अतिरिक्त कार्य का अनुभव।
(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो पृथक शीट संलग्न करें)।

13. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग के हैं? :

14. विगत 10 वर्षों के दौरान लगाई गई शास्ति, यदि कोई है, से संबंधित स्थिति:

**<u>घोषणा-पत्र</u>**

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है तथा मुझे इस बात की पूर्ण जानकारी है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के साथ मेरा जीवन वृत्त उक्त पद पर चयन के समय चयन समिति के लिए भी सहायक होगा। मैं एतद् द्वारा यह घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गई सूचना मेरी जानकारी और विश्वास अनुसार सही है।

(आवेदक के हस्ताक्षर)
नाम:
दिनांक:

*नोट: सेवानिवृत्ति अधिकारी उपर्युक्त मद सं. 8,10 और 11 के सामने सेवानिवृत्ति से पूर्व उनके द्वारा धारित अंतिम पद का संगत ब्यौरा भरें।

## नियोजक /संवर्ग नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्रमाणन

उपर्युक्त आवेदन में आवेदक द्वारा दी गई सूचना/ब्यौरे रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सही व सत्य हैं। वे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक अर्हताएं तथा अनुभव रखते हैं। उनका चयन होने पर उन्हें शीघ्र कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. **यह भी प्रमाणित किया जाता है:**

i) श्री/श्रीमती.....................................के विरूद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनिकमामला लंबित/विचारार्थ नहीं है।

ii) उनकी सत्य निष्ठा प्रमाणित की जाती है।

iii) उनका गोपनीय रिपोर्ट डोजियर मूल रूप से संलग्न है/पिछले वर्षों की गोपनीय रिपोर्ट अवर सचिव, भारत सरकार अथवा उच्च अधिकारी द्वारा अधिप्रमाणित फोटो प्रतियां संलग्न हैं।

iv) पिछले 05 वर्षों के दौरान उनके विरुद्ध कोई बड़ी/लघु शास्ति नहीं लगाई गई है अथवा पिछले 05 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/लघु शास्तियों की सूची संलग्न है (जैसी भी स्थिति हो)

**प्रतिहस्ताक्षरित**

**(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी कीमोहर सहित)**